# मासिक अपराध प्रतिवेदन जनवरी 2011

माह जनवरी 2011 में राज्य की अपराध स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही है।

राज्य में आलोच्य माह, गत माह एवं वर्ष 2010 के माह जनवरी की तुलना में (भा.द.स) भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः

## माहवार आपराधिक तुलनात्मक स्थिति

### (माह जनवरी 2010, दिसम्बर 2010 एवं जनवरी 2011)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जनवरी 2010 | दिसम्बर 2010 | जनवरी 2011 | जनवरी 2010 से जनवरी 2011 | दिसम्बर 2010 से जनवरी 2011 | जनवरी 2010 से जनवरी 2011 | दिसम्बर 2010 से जनवरी 2011 |
| 1 | हत्या | 105 | 110 | 95 | -10 | -15 | -9.52 | -13.64 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 107 | 107 | 117 | 10 | 10 | 9.35 | 9.35 |
| 3 | डकैती | 3 | 1 | 3 | 0 | 2 | 0.00 | 200.00 |
| 4 | लूट | 60 | 46 | 52 | -8 | 6 | -13.33 | 13.04 |
| 5 | व्यपहरण/अपहरण | 227 | 155 | 245 | 18 | 90 | 7.93 | 58.06 |
| 6 | बलात्कार | 100 | 104 | 147 | 47 | 43 | 47.00 | 41.35 |
| 9 | बलवा | 75 | 63 | 61 | -14 | -2 | -18.67 | -3.17 |
| 7 | नकबजनी | 438 | 333 | 449 | 11 | 116 | 2.51 | 34.83 |
| 8 | चोरी | 1715 | 1403 | 2040 | 325 | 637 | 18.95 | 45.40 |
| 10 | अन्य भा.द.सं. | 8744 | 7567 | 10287 | 1543 | 2720 | 17.65 | 35.95 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **11574** | **9889** | **13496** | **1922** | **3607** | **16.61** | **36.47** |

वर्ष 2011 में 2009 एवं 2010 की तुलना में माह जनवरी तक भा.द.सं. के अन्तर्गत दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न तालिका में वर्णित हैः—

## वर्षवार आपराधिक तुलनात्मक स्थिति

### वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह जनवरी )

| क्र.सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह जनवरी तक) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | हत्या | 104 | 105 | 95 | -9 | -10 | -8.65 | -9.52 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 124 | 107 | 117 | -7 | 10 | -5.65 | 9.35 |
| 3 | डकैती | 6 | 3 | 3 | -3 | 0 | -50.00 | 0.00 |
| 4 | लूट | 55 | 60 | 52 | -3 | -8 | -5.45 | -13.33 |
| 5 | व्यपहरण/अपहरण | 236 | 227 | 245 | 9 | 18 | 3.81 | 7.93 |
| 6 | बलात्कार | 119 | 100 | 147 | 28 | 47 | 23.53 | 47.00 |
| 7 | बलवा | 77 | 75 | 61 | -16 | -14 | -20.78 | -18.67 |
| 8 | नकबजनी | 499 | 438 | 449 | -50 | 11 | -10.02 | 2.51 |
| 9 | चोरी | 2052 | 1715 | 2040 | -12 | 325 | -0.58 | 18.95 |
| 10 | अन्य भा.दसं. | 9842 | 8744 | 10287 | 445 | 1543 | 4.52 | 17.65 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **13114** | **11574** | **13496** | **382** | **1922** | **2.91** | **16.61** |

## निस्तारण भा.द.सं.

आलोच्य वर्ष 2011 में माह जनवरी तक भारतीय दण्ड संहिता के तहत दर्ज अपराधों के निस्तारण की स्थिति निम्नानुसार हैः–

**निस्तारण भा.द.स. वर्ष 2011 (माह जनवरी)**

| क्र सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफ.आर. अदम वकू | अदम वकू प्रतिशत | एफ.आर. अन्य | कुल एफ.आर. (4+6) | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिंग अनुसंधान | पेन्डिंग प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 95 | 3 | 30.00 | 0 | 3 | 7 | 100.00 | 85 | 89.47 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 117 | 3 | 15.79 | 0 | 3 | 16 | 100.00 | 98 | 83.76 |
| 3 | डकैती | 3 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 3 | 100.00 |
| 4 | लूट | 52 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 15 | 100.00 | 37 | 71.15 |
| 5 | व्यपहरण/अपहरण | 245 | 45 | 81.82 | 0 | 45 | 10 | 100.00 | 190 | 77.55 |
| 6 | बलात्कार | 147 | 23 | 67.65 | 0 | 23 | 11 | 100.00 | 113 | 76.87 |
| 7 | बलवा | 61 | 7 | 17.07 | 0 | 7 | 34 | 100.00 | 20 | 32.79 |
| 8 | नकबजनी | 449 | 15 | 10.00 | 63 | 78 | 72 | 53.33 | 299 | 66.59 |
| 9 | चोरी | 2040 | 49 | 4.83 | 732 | 781 | 234 | 24.22 | 1025 | 50.25 |
| 10 | अन्य भा.द.सं | 10287 | 1846 | 31.59 | 151 | 1997 | 3847 | 96.22 | 4443 | 43.19 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **13496** | **1991** | **27.72** | **946** | **2937** | **4246** | **81.78** | **6313** | **46.78** |

○ एफ.आर. अन्य– अंतिम रिपोर्ट अदमपता/ अदमसबूत।

वर्ष 2010 एवं 2011 में (माह जनवरी तक) सम्पति सम्बन्धी अपराधों के चालानी, अदम वकूआ एवं बरामदगी प्रतिशत की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

| क्र. सं. | शीर्षक | अदम वकू प्रतिशत | | चालानी प्रतिशत | | बरामदगी प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2010 | 2011 | 2010 | 2011 |
| 1 | डकैती | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 62.54 |
| 2 | लूट | 7.69 | 0.00 | 91.67 | 100.00 | 63.47 | 36.86 |
| 3 | नकबजनी | 3.90 | 10.00 | 67.57 | 53.33 | 42.08 | 24.94 |
| 4 | चोरी | 4.59 | 4.83 | 22.20 | 24.22 | 32.38 | 54.33 |
| **5** | **योग भादसं.** | **25.42** | **27.72** | **83.39** | **81.78** | **37.55** | **51.10** |

भा.द.सं. के तहत माह जनवरी 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधो की तुलनात्मक स्थिति एवं निस्तारण, प्रतिवेदन में संलग्न तालिका **'क'** पृष्ठ 8 से 11 एवं **'ख'** पृष्ठ 12 से 17 पर है।

वर्ष 2011 में नकबजनी तथा कुल सम्पति सम्बन्धी अपराधों में बरामदगी प्रतिशत की जिलेवार स्थिति तालिका **'च'** पर है।

## स्थानीय एवं विशेष अधिनियम

आलोच्य माह, जनवरी 2010 एवं दिसम्बर 2010 में स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के तहत की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

### स्थानीय एवं विशेष अधिनियम – माहवार तुलनात्मक स्थिति
### (माह जनवरी 2010, दिसम्बर 2010 एवं जनवरी 2011)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जनवरी 2010 | दिसम्बर 2010 | जनवरी 2011 | जनवरी 2010 से जनवरी 2011 | दिसम्बर 2010 से जनवरी 2011 | जनवरी 2010 से जनवरी 2011 | दिसम्बर 2010 से जनवरी 2011 |
| 1 | एक्साईज एक्ट | 1176 | 738 | 2103 | 927 | 1365 | 78.83 | 184.96 |
| 2 | जुआ एक्ट | 1054 | 977 | 1316 | 262 | 339 | 24.86 | 34.70 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 321 | 211 | 403 | 82 | 192 | 25.55 | 91.00 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 94 | 80 | 95 | 1 | 15 | 1.06 | 18.75 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 53 | 17 | 45 | -8 | 28 | -15.09 | 164.71 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 17 | 9 | 28 | 11 | 19 | 64.71 | 211.11 |
| 7 | अन्य एक्ट | 996 | 1636 | 1775 | 779 | 139 | 78.21 | 8.50 |
| 8 | **योग** | **3711** | **3668** | **5765** | **2054** | **2097** | **55.35** | **57.17** |

### स्थानीय एवं विशेष अधिनियम – वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
### वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह जनवरी )

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह जनवरी तक) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | एक्साईज एक्ट | 887 | 1176 | 2103 | 1216 | 927 | 137.09 | 78.83 |
| 2 | जुआ एक्ट | 880 | 1054 | 1316 | 436 | 262 | 49.55 | 24.86 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 254 | 321 | 403 | 149 | 82 | 58.66 | 25.55 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 60 | 94 | 95 | 35 | 1 | 58.33 | 1.06 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 24 | 53 | 45 | 21 | -8 | 87.50 | -15.09 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 27 | 17 | 28 | 1 | 11 | 3.70 | 64.71 |
| 7 | अन्य एक्ट | 1025 | 996 | 1775 | 750 | 779 | 73.17 | 78.21 |
| 8 | **योग** | **3157** | **3711** | **5765** | **2608** | **2054** | **82.61** | **55.35** |

स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के अन्तर्गत जनवरी 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'घ'** पर दर्शायी गई है।

### निस्तारण स्थानीय एवं विशेष अधिनियम, वर्ष 2011 (माह जनवरी)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू झूंठ | अदमवकू प्रतिशत | एफ. आर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एक्साईज एक्ट | 2103 | 0 | 0.00 | 3 | 3 | 1621 | 99.82 | 479 | 22.78 |
| 2 | जुआ एक्ट | 1316 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 1285 | 100.00 | 31 | 2.36 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 403 | 0 | 0.00 | 1 | 1 | 308 | 99.68 | 94 | 23.33 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 95 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 19 | 100.00 | 76 | 80.00 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 45 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 34 | 100.00 | 11 | 24.44 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 28 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 6 | 100.00 | 22 | 78.57 |
| 7 | अन्य एक्ट | 1775 | 390 | 30.07 | 81 | 471 | 826 | 91.07 | 478 | 26.93 |
| 8 | **योग एक्ट** | **5765** | **390** | **8.53** | **85** | **475** | **4099** | **97.97** | **1191** | **20.66** |

## महिला अत्याचार

राजस्थान में महिला अत्याचार सम्बन्धी अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

### महिला अत्याचार माहवार तुलनात्मक स्थिति

### (माह जनवरी 2010, दिसम्बर 2010 एवं जनवरी 2011)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जनवरी 2010 | दिसम्बर 2010 | जनवरी 2011 | जनवरी 2010 से जनवरी 2011 | दिसम्बर 2010 से जनवरी 2011 | जनवरी 2010 से जनवरी 2011 | दिसम्बर 2010 से जनवरी 2011 |
| 1 | दहेज मृत्यु | 28 | 33 | 32 | 4 | -1 | 14.29 | -3.03 |
| 2 | दहेजआत्महत्याका दुष्प्रेरण | 15 | 6 | 12 | -3 | 6 | -20.00 | 100.00 |
| 3 | महिला उत्पीडन(498-A) | 769 | 585 | 920 | 151 | 335 | 19.64 | 57.26 |
| 4 | बलात्कार | 100 | 104 | 147 | 47 | 43 | 47.00 | 41.35 |
| 5 | छेड़छाड़ | 131 | 140 | 185 | 54 | 45 | 41.22 | 32.14 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 197 | 130 | 210 | 13 | 80 | 6.60 | 61.54 |
| 7 | अन्य | 53 | 47 | 59 | 6 | 12 | 11.32 | 25.53 |
| **8** | **कुल योग** | **1293** | **1045** | **1565** | **272** | **520** | **21.04** | **49.76** |

### महिला अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति

### वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह जनवरी )

| क. स. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह जनवरी तक) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | दहेज मृत्यु | 32 | 28 | 32 | 0 | 4 | 0.00 | 14.29 |
| 2 | दहेज आत्महत्या का दुष्प्रेरण | 11 | 15 | 12 | 1 | -3 | 9.09 | -20.00 |
| 3 | महिला उत्पीडन (498-A) | 833 | 769 | 920 | 87 | 151 | 10.44 | 19.64 |
| 4 | बलात्कार | 119 | 100 | 147 | 28 | 47 | 23.53 | 47.00 |
| 5 | छेड़छाड़ | 216 | 131 | 185 | -31 | 54 | -14.35 | 41.22 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 185 | 197 | 210 | 25 | 13 | 13.51 | 6.60 |
| 7 | अन्य | 73 | 53 | 59 | -14 | 6 | -19.18 | 11.32 |
| **8** | **कुल योग** | **1469** | **1293** | **1565** | **96** | **272** | **6.54** | **21.04** |

- महिला अत्याचार के तहत जनवरी 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **''ग''** पर दर्शायी गई है।

### निस्तारण स्थिति महिला अत्याचार

### (वर्ष 2011 माह जनवरी तक)

| क्र सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफ आर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दहेज मृत्यु | 32 | 0 | 0.00 | 1 | 1 | 2 | 66.67 | 29 | 90.63 |
| 2 | दहेज आत्म हत्या का दुष्प्रेरण | 12 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 3 | 100.00 | 9 | 75.00 |
| 3 | महिला उत्पीडन (498- A) | 920 | 117 | 30.31 | 121 | 238 | 148 | 55.02 | 534 | 58.04 |
| 4 | बलात्कार | 147 | 21 | 61.76 | 2 | 23 | 11 | 84.62 | 113 | 76.87 |
| 5 | छेड़छाड़ | 185 | 23 | 17.97 | 3 | 26 | 102 | 97.14 | 57 | 30.81 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 210 | 24 | 51.06 | 15 | 39 | 8 | 34.78 | 163 | 77.62 |
| 7 | अन्य अभियोग | 59 | 2 | 8.00 | 2 | 4 | 21 | 91.30 | 34 | 57.63 |
| **8** | **कुल योग** | **1565** | **187** | **29.87** | **144** | **331** | **295** | **67.20** | **939** | **60.00** |

## अनुसूचित जाति अत्याचार

आलोच्य माह, जनवरी 2010 एवं दिसम्बर 2010 में अनुसूचित जाति के लोगों पर अत्याचार सम्बन्धी पंजीबद्ध अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न है:–

### अनुसूचित जाति अत्याचार– माहवार तुलनात्मक स्थिति
### (माह जनवरी 2010, दिसम्बर 2010 एवं जनवरी 2011)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जनवरी 2010 | दिसम्बर 2010 | जनवरी 2011 | जनवरी 2010 से जनवरी 2011 | दिसम्बर 2010 से जनवरी 2011 | जनवरी 2010 से जनवरी 2011 | दिसम्बर 2010 से जनवरी 2011 |
| 1 | हत्या | 6 | 3 | 7 | 1 | 4 | 16.67 | 133.33 |
| 2 | गम्भीर चोट | 5 | 3 | 5 | 0 | 2 | 0.00 | 66.67 |
| 3 | बलात्कार | 12 | 13 | 21 | 9 | 8 | 75.00 | 61.54 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 0 | 3 | 2 | 2 | -1 | 200.00 | -33.33 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 274 | 260 | 352 | 78 | 92 | 28.47 | 35.38 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 2 | 2 | 11 | 9 | 9 | 450.00 | 450.00 |
| **8** | **कुल योग** | **299** | **284** | **398** | **99** | **114** | **33.11** | **40.14** |

### अनुसूचित जाति अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
### वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह जनवरी )

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह जनवरी तक) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | हत्या | 4 | 6 | 7 | 3 | 1 | 75.00 | 16.67 |
| 2 | गम्भीर चोट | 4 | 5 | 5 | 1 | 0 | 25.00 | 0.00 |
| 3 | बलात्कार | 12 | 12 | 21 | 9 | 9 | 75.00 | 75.00 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 2 | 0 | 2 | 0 | 2 | 0.00 | 200.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 343 | 274 | 352 | 9 | 78 | 2.62 | 28.47 |
| 7 | 3 एससी/एसटी एक्ट | 11 | 2 | 11 | 0 | 9 | 0.00 | 450.00 |
| **8** | **कुल योग** | **376** | **299** | **398** | **22** | **99** | **5.85** | **33.11** |

अनुसूचित जाति अत्याचार के अन्तर्गत माह जनवरी 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'ग'** पर दर्शायी गई है।

### निस्तारण वर्ष 2011 (माह जनवरी)

| क्रं सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफआर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 7 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 7 | 100.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 5 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 2 | 100.00 | 3 | 60.00 |
| 3 | बलात्कार | 21 | 3 | 100.00 | 0 | 3 | 0 | 0.00 | 18 | 85.71 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 2 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 2 | 100.00 |
| 5 | पी.सी.आर. एक्ट | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 352 | 76 | 75.25 | 0 | 76 | 25 | 100.00 | 251 | 71.31 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 11 | 2 | 100.00 | 0 | 2 | 0 | 0.00 | 9 | 81.82 |
| **8** | **कुल योग** | **398** | **81** | **75.00** | **0** | **81** | **27** | **100.00** | **290** | **72.86** |

# अनुसूचित जनजाति अत्याचार

आलोच्य माह, माह जनवरी 2010 एवं माह दिसम्बर 2010 में अनुसूचित जनजाति पर अत्याचार सम्बन्धी पंजीबद्ध अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न है:–

## अनुसूचित जनजाति अत्याचार माहवार तुलनात्मक स्थिति
## (माह जनवरी 2010, दिसम्बर 2010 एवं जनवरी 2011)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जनवरी 2010 | दिसम्बर 2010 | जनवरी 2011 | जनवरी 2010 से जनवरी 2011 | दिसम्बर 2010 से जनवरी 2011 | जनवरी 2010 से जनवरी 2011 | दिसम्बर 2010 से जनवरी 2011 |
| 1 | हत्या | 2 | 0 | 0 | -2 | 0 | -100.00 | 0.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 3 | 3 | 1 | -2 | -2 | -66.67 | -66.67 |
| 3 | बलात्कार | 2 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 0 | 2 | 5 | 5 | 3 | 500.00 | 150.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 64 | 76 | 100 | 36 | 24 | 56.25 | 31.58 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 0 | 2 | 1 | 1 | -1 | 100.00 | -50.00 |
| **8** | **कुल योग** | **71** | **85** | **109** | **38** | **24** | **53.52** | **28.24** |

वर्ष 2011 में गत 2 वर्षों की तुलना में अनुसूचित जनजाति पर अत्याचार सम्बन्धी अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

## अनुसूचित जनजाति अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
## वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह जनवरी)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग ( माह जनवरी तक) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | हत्या | 1 | 2 | 0 | -1 | -2 | -100.00 | -100.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 0 | 3 | 1 | 1 | -2 | 100.00 | -66.67 |
| 3 | बलात्कार | 2 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 1 | 0 | 5 | 4 | 5 | 400.00 | 500.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 79 | 64 | 100 | 21 | 36 | 26.58 | 56.25 |
| 7 | 3 एससी/एसटी एक्ट | 2 | 0 | 1 | -1 | 1 | -50.00 | 100.00 |
| **8** | **कुल योग** | **85** | **71** | **109** | **24** | **38** | **28.24** | **53.52** |

## अनुसूचित जनजाति अत्याचार निस्तारण स्थिति वर्ष 2011 (माह जनवरी)

| कसं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफआर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 1 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 1 | 100.00 |
| 3 | बलात्कार | 2 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 2 | 100.00 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 5 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 5 | 100.00 |
| 5 | पी.सी.आर. एक्ट | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 100 | 15 | 62.50 | 0 | 15 | 9 | 100.00 | 76 | 76.00 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 1 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 1 | 100.00 |
| **8** | **कुल योग** | **109** | **15** | **62.50** | **0** | **15** | **9** | **100.00** | **85** | **77.98** |

- अनुसूचित जनजाति अत्याचार के अंतर्गत माह जनवरी 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'ग'** पर दर्शायी गई है।

## निरोधात्मक कार्यवाही

आलोच्य माह, जनवरी 2010 एवं दिसम्बर 2010 में तथा वर्ष में गत वर्ष की तुलना में निरोधात्मक प्रावधानों के तहत की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति निम्न है।

### माहवार तथा वर्ष में अब तक की गई निरोधात्मक कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति

| क्रसं | शीर्षक | माहवार कार्यवाही | | | वर्ष में कार्यवाही | | व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जनवरी 2010 | दिसम्बर 2010 | जनवरी 2011 | वर्ष 2010 | वर्ष 2011 | व्यक्तियों की संख्या | पाबन्द | रिहा/ बरी | ड्रॉप | पेन्डिग कोर्ट |
| 1 | 107/151 द.प्र.सं. | 17858 | 10018 | 8259 | 17858 | 8259 | 20605 | 15453 | 0 | 0 | 5152 |
| 2 | 109 द.प्र.सं. | 1534 | 1842 | 2062 | 1534 | 2062 | 2792 | 2555 | 0 | 0 | 237 |
| 3 | 110 द.प्र.सं. | 4336 | 1260 | 1288 | 4336 | 1288 | 1288 | 1127 | 0 | 16 | 145 |
| 4 | 122 द.प्र.सं. | 52 | 39 | 52 | 52 | 52 | 55 | 30 | 0 | 0 | 25 |
| 5 | 133 द.प्र.सं. | 11 | 31 | 12 | 11 | 12 | 76 | 21 | 0 | 0 | 55 |
| 6 | 145 द.प्र.सं. | 16 | 35 | 38 | 16 | 38 | 123 | 37 | 0 | 0 | 86 |
| 7 | एच.ओ.एक्ट | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | 60 पुलिस एक्ट | 2749 | 4293 | 5838 | 2749 | 5838 | 6190 | 5085 | 0 | 0 | 1105 |
| 9 | एन.एस.ए. | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

## मानवाधिकार

वर्ष 2010 एवं 2011 में मानवाधिकार सम्बन्धी प्राप्त परिवादों की स्थिति निम्नानुसार हैः–

### परिवाद निस्तारण

| वर्ष | प्राप्त परिवाद | निस्तारण | पैण्डिंग |
|---|---|---|---|
| 2010 | 197 | 136 | 61 |
| 2011 (जनवरी) | 7 | 0 | 7 |

### सड़क दुर्घटना

| क्र.सं. | वर्ष | कुल सड़क दुर्घटनाऐं | मृतक | घायल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2010 ( जनवरी तक) | 2072 | 732 | 2618 |
| 2 | 2011 ( जनवरी तक ) | 2045 | 740 | 2373 |

माह जनवरी 2011 में कुल 2045 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई जबकि गत माह में 1861 एवं जनवरी 2010 में 2072 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई थी। गत माह की अपेक्षा वृद्धि एवं जनवरी 2010 की अपेक्षा दुर्घटनाओं में कमी रही है।

राज्य में वर्ष 2011 में माह जनवरी तक कुल 2045 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई जबकि गत वर्ष में इसी अवधि तक 2072 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई थी, गत वर्ष की अपेक्षा 27 (1.30 % ) दुर्घटनाओं की कमी रही है।

## घोषित अपराधी/मफरूर

माह में जिलेवार गिरफ्तार एवं शेष रहे वांछित अपराधियों की जिलेवार स्थिति प्रतिवेदन के अन्त में तालिका **'ङ'** पर है।

आलोच्य माह में 28 घोषित अपराधी, 79 भगौड़े तथा 323 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। वर्ष में अब तक 28 घोषित अपराधी, 79 भगौड़े तथा 323 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।

# उपलब्धियाँ माह जनवरी– 2011

**दस्यु उन्मूलनः–**

- दिनांक 10.01.2011 को जिला धौलपुर थाना कंचनपुरा ने इनामी डकैत लज्जी उर्फ लज्जाराम पत्र पातरिया जाति गुर्जर को एक कट्टा 315 बोर व तीन कारतूस 315 बोर सहित पुलिस थाना बसई डांग क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उक्त डकैत पर श्रीमान महानिरीक्षक पुलिस रैन्ज भरतपुर द्वारा 4000 रुपये का इनाम घोषित था।
- दिनांक 12.01.2011 को जिला अजमेर थाना ब्यावर सदर पुलिस ने दौराने गश्त डकैती की योजना बनाते हुए 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 देशी कट्टे 315 बोर, 8 जिन्दा कारतूस, सरिया, छूर्रा व एक मारूती वैन बरामद की गई।
- दिनांक 26.01.2011 को जिला धौलपुर पुलिस थाना मनियां में पुलिस के बढते दबाब के कारण अन्तराज्यीय इनामी डकैत पानसिंह पुत्र शिवचरण जाति गुर्जर ने एक अवैध बन्दूक सिंगल शॉट 315 बोर एवं 10 कारतूस 315 बोर सहित आत्मसमर्पण किया। इस डकैत पर श्रीमान महानिरीक्षक पुलिस रैन्ज ग्वालियर द्वारा 15000 रुपये, श्रीमान उप महानिरीक्षक पुलिस सीआईडी (सीबी) राज0 जयपुर द्वारा 15000 रुपये तथा श्रीमान उप महानिरीक्षक पुलिस आगरा द्वारा 5000 रुपये का ईनाम घोषित था अर्थात कुल 35000 रुपये का इनाम घोषित था।
- दिनांक 30.01.2011.को जिला करौली थाना कैलादेवी पुलिस ने डकैत लारा उर्फ ज्ञानसिंह पुत्र बाबूलाल मीना को पुलिस थाना सदर गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।उक्त डकैत पर श्रीमान अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (अपराध शाखा) राज0 जयपुर द्वारा 25000रु का नकद पुरस्कार घोषित किया हुआ था।
- दिनांक 31.01.2011 को जिला करौली थाना कैलादेवी पुलिस ने डकैत लारा उर्फ ज्ञानसिंह मीना की गिरफ्तारी की कार्यवाही के क्रम में उसके साथी अभियुक्त गुड्डन पुत्र कमल सिंह मीना को भी गिरफ्तार किया।

**डकैतीः–**

- दिनांक 09.01.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना सांगानेर पुलिस ने सेक्टर 19 के पास 6 अभियुक्तों को डकैती की योजना बनाते हुये को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 देशी कट्टा, 1 पिस्टल, 4 जिन्दा कारतूस व 3 कटार बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। दौराने अनुसंधान उक्त अभियुक्तों ने हिम्मतनगर, डी ब्लॉक जवाहर सर्किल, मौजी कॉलोनी व मालवीय नगर में डकैती करना कबूल किया। डकैती में शामिल 3 अन्य अभियुक्तों को और गिरफ्तार किया जाकर 1 कार व 20 हजार रूपये बरामद किये।
- दिनांक 14.01.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना विश्वकर्मा पुलिस ने डकैती की योजना बनाते हुए 6 अभियुक्तों से 2 देशी कट्टे 315बोर, 4 कारतूस व दो गुप्ती बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24.01.2011 को जिला सीकर थाना कोतवाली पुलिस ने सायं काल 7 बजे सूत्र सूचना पर जयपुर रोड़ पर बैक ऑफ बड़ौदा को लूटने की योजना बनाते हुए को मौके पर जाकर ललकारा तो 3 अभियुक्त मौके का फायदा उठाकर भाग गये एवं दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक पिस्टल व 6 कारतूस बरामद किये। पास ही खड़े वाहन की तालाशी लेने पर दो तलवारें मिली। गहन पूछताछ पर उन्होंने कई वाहन लूटने व अन्य लूटपाट की घटनाओं में लिप्त होना बताया।
- दिनांक 29.01.2011 को जिला कोटा शहर थाना भीमगंज मण्डी पुलिस ने सूत्र सूचना पर चम्बल के किनारे खेड़ली फाटक के पास पांच अभियुक्त मनोज पेट्रोल पम्प लूटने की योजना बनाते हुए को ललकारा तो वे तीन मोटरसाईकिलों पर भागने लगे जिन्हें पुलिस दल ने पकड़ा तथा तलाशी ली गई जिसमें अभियुक्तों के कब्जे से 2 पिस्टल, 1कट्टा, 10 कारतूस, 3 मोबाइल फोन व तीन मोटरसाईकिले बरामद हुई। दौराने अनुसंधान अभियुक्तों से चुराये गये कुल 17 दुपहिया वाहन और बरामद किये गये। पूछताछ जारी है।
- दिनांक 31.01.2011 को जिला झालावाड़ थाना उन्हैल पुलिस ने सूत्र सूचना पर कालीसिन्ध नदी पर झाड़ियों की आड़ में 5 अभियुक्तों को डकैती की योजना बनाते हुए को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक देशी कट्टा मय 2 कारतूस, एक तलवार एवं 2 मोटरसाईकिले बरामद की।

लूटः—

- दिनांक 04 व 07.01.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना चंदेरिया व भदेसर पुलिस ने हाईवे पर लूट की घटनाओं में दौराने अनुसंधान उक्त थाना क्षेत्रों में निवास करने वाले कालबेलियों के डेरे पर दबिश दी एवं घटना के समय कालबेलियों का अपने डेरे पर अनुपस्थित के सम्बन्ध में गहनता से पूछताछ कर दो अभियुक्तो को नामजद कर उनके कब्जे से लूटे गये 2500 रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया व शेष अभियुक्तों की तलाश जारी है।
- दिनांक 08.01.2011 को जिला भरतपुर थाना गढीबाजना पुलिस ने दो अभियुक्तों से लूटी गई दो मोटरसाईकिल व एक मोबाईल बरामद कर अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 11.01.2011 को जिला जयपुर दक्षिण थाना अशोक नगर पुलिस ने दिनांक 01.01.2011 को आईडीबीआई बैक सी स्कीम जयपुर के सामने अज्ञात बदमाशों द्वारा एक व्यक्ति की ऑखों में मिर्ची डालकर रिवाल्वर की नोक पर 5.5 लाख रूपये लूटने के प्रयास के अभियोग में 4 अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया व एक अभियुक्त के कब्जे से एक देशी रिवाल्वर 315 बोर मय जिन्दा कारतूस, मिर्च का पाकेट व मोटरसाईकिल बरामद की।
- दिनांक 15.01.2011 को जिला जयपुर दक्षिण थाना अशोक नगर पुलिस ने सीएमएस कम्पनी द्वारा पीएनबी के एटीएम में रूपये भरने के दौरान मैन चालक एक करोड़ रूपयों सहित वैन को लेकर फरार होने की घटना के संबंध में दर्ज कराये गये अभियोग में दौराने अनुसंधान 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 98 लाख 18 हजार रूपये नकद माल मसरूका बरामद किया।
- दिनांक 21.01.2011 को जिला अलवर थाना कोतवाली पुलिस ने दिनांक 27.10.2010 को तीन हथियारबन्द बदमाशान द्वारा घर में घुसकर की गई लूट के दर्ज अभियोग में 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट का मालमसरूका कुल 170 ग्राम सोने के विभिन्न जेवरात बरामद किये।
- दिनांक 28.01.2011 को जिला हनुमानगढ थाना हनुमानगढ टाउन पुलिस ने लूट की वारदात की सूचना मिलने पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लूट की राशि 2.75 लाख रूपये नकद, एक मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल बरामद की।

हत्याः—

- दिनांक 05.01.2011 को जिला अजमेर थाना ब्यावर सिटी पुलिस ने सूत्र सूचना पर दिनांक 22.12.2010 को हुई हत्या के अभियुक्त को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15.01.2011 को जिला सीकर थाना सदर पुलिस ने दिनांक 07.01.2011 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर देने के दर्ज अभियोग में एक व्यक्ति को नामजद कर गिरफ्तार किया। तत्पश्चात दिनांक 25.01.2011 को तीन अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।
- दिनांक 20.01.2011 को जिला कोटा शहर थाना गुमानपुरा पुलिस ने जरिये टेलिफोन सूचना पर एक व्यक्ति को मारकर जला देने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दिनांक 22.01.2011 को 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

नकबजनीः—

- दिनांक 01.01.2011 को जिला जालोर थाना मोदरा पुलिस ने दौराने गश्त तीन अभियुक्तों से चोरी किया गया माल कीमतन 60 हजार रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02 व 04.01.2011 को जिला टोंक थाना निवाई पुलिस ने नकबजनी की दो वारदातों में 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 62 हजार रूपये का माल मसरूका बरामद किया।
- दिनांक 05.01.2011 को जिला झुन्झुनु थाना सिंघाना पुलिस ने मन्दिरों में हुई मारपीट व लूट के अभियोग में वृत्ताधिकारी खेतड़ी के निर्देशन में सूत्र सूचना पर दो अभियुक्तों गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मालमसरूका 8.40 लाख रूपये व वारदात में प्रयुक्त वाहन पीकअप बरामद किया।
- दिनांक 10.01.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना प्रतापनगर पुलिस ने दिनांक 08.01.2011 को प्रतापनगर में अज्ञात चोरों द्वारा सेनेटरी का सामान चुराये जाने के दर्ज अभियोग में 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके

कब्जे से एक एलसीडी, एक टीवी, एक सेटटॉप बाक्स, लेपटाप व सेनेटरी का सामान बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 21.01.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना चन्दवाजी पुलिस ने महात्मा ज्योतिबा फुले विश्वविद्यालय के लैब से हुई चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान कुल 7 अभियुक्तों को नामजद कर उनके कब्जे से चोरी गया मालमसरूका 1.50 लाख रूपये का बरामद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 31.01.2011 को जिला झुन्झुनु थाना बिसाऊ पुलिस ने दिनांक 30.01.2011 की अर्द्ध रात्रि को मात्र 30 मिनट के अंतराल में मन्दिर से हुई चोरी के दर्ज प्रकरण में एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर चोरी गया मालमसरूका बरामद किया।

**जालीनोटः—**

- दिनांक 12.01.2011 को जिला सीकर थाना पाटन पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके वाहन में छिपाकर रखे 500—500 के 53 नकली नोट बरामद किये तथा 76,500/—रूपये नकद जालीनोट के बदले फेर बदल होना पाये जाने पर बरामद किये।
- दिनांक 17.01.2011 को जिला पाली थाना जैतारण पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक अभियुक्त के कब्जे से एक—एक हजार रूपये के 23 नकली नोट बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 27.01.2011 को जिला भरतपुर थाना भुसावर पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक अभियुक्त के कब्जे से 5 नकली नोट 500—500 रूपये के मय स्केनर मशीन, चार स्याही की शीशियॉ चार ईजेक्शन एक गोंद की शीशी बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

**धोखाधड़ीः—**

- दिनांक 03.01.2011 को जिला अलवर थाना मालाखेड़ा पुलिस ने 5 अभियुक्तों के कब्जे से चार नकली सोने की ईंटे बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 22.01.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना आदर्श नगर पुलिस ने सोने की ईंट सस्ते भाव में देने के लिए ईंट का टुकड़ा काटकर उसे जांच के लिये दिया व 8 लाख रूपये में सौदा तय कर रूपये लाने को कहां। जिसकी सूचना पुलिस को देने पर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सोने की ईंट व एक बोलेरों गाडी बरामद की गई।

**ईनामी अभियुक्तः—**

- दिनांक 16.01.2011 को जिला करौली थाना बालघाट पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया जिस पर महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर द्वारा 4 हजार रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 17.01.2011 को जिला धौलपुर थाना कोतवाली पुलिस ने एक ईनामी बदमाश के कब्जे से एक कट्टा 315 बोर बरामद किया। इस अभियुक्त की गिरफ्तारी पर महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर से 4000/— रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 17.01.2011 को जिला सीकर थाना दांतारामगढ पुलिस ने वर्ष 2006 में हुई हत्या काण्ड के आरोपी जो वर्ष 2007 से फरार चल रहा था को ऑपरेशन फ्लश आउट के तहत गिरफ्तार किया गया। इस अभियुक्त की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक जिला सीकर द्वारा 2000/—रूपये का ईनाम घोषित था।

**चोरीः—**

- दिनांक 06.01.2011 को जिला जीआरपी अजमेर थाना अलवर पुलिस ने चलती ट्रेन में दो महिला अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गया मालमसरूका कीमतन 26 हजार रूपये का बरामद किया।
- दिनांक 07.01.2011 को जिला पाली थाना सोजतसिटी पुलिस ने अज्ञात अभियुक्तों द्वारा होटल के सामने चावलों से भरा ट्रक चोरी हो जाने के दर्ज अभियोग में तत्काल नाकाबन्दी कर एक अभियुक्त के कब्जे से चावलों से भरा एक ट्रक बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 16.01.2011 को जिला सवाई माधोपुर थाना खण्डार पुलिस ने चोरी के एक अभियोग में तीन अभियुक्तों से 3 टेक्टर मय ट्रोली पत्थरों से भरी हुई बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 25.01.2011 को जिला जीआरपी जोधपुर थाना सादुलपुर पुलिस ने चलती ट्रेन में बैग से सोने के जेवर चुराते हुए 2 महिला अभियुक्ताओं के कब्जे से चोरी गया मालमसरूका कीमतन 35 हजार रूपये का बरामद किया।
- दिनांक 28.01.2011 को जिला झुन्झुनू थाना खेतड़ी पुलिस ने चलती बस में अटेची तोड़कर सोने–चॉदी के जेवरात चुराये जाने की सूचना पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए बस में बैठे 6 संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी लेकर उनके कब्जे से चोरी गया मालमसरूका कीमतन 2 लाख रूपये बरामद कर सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 30.01.2011 को जिला जालोर थाना कोतवाली पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर चोरी गये 2,49,685/–रूपये नगद बरामद कर गिरफ्तार किया।

**वाहन चोरी :–**

- दिनांक 01, 02, 05, 06, 16, 17 व 27.01.2011 को जिला जयपुर शहर उत्तर थाना शास्त्रीनगर, गलतागेट, संजय सर्किल, सुभाष चौक व विद्याधर नगर पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गये कुल 12 दुपहिया वाहन बरामद किये।
- दिनांक 01.01.2011 को जिला कोटा शहर थाना कुन्हाड़ी पुलिस ने 4 अभियुक्तों से चोरी गया एक ट्रक व 6 मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02.01.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना करधनी व चौमू पुलिस ने 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 ट्रक व 3 मोटरसाईकिल बरामद की।
- दिनांक 03 व 10.01.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना चंदवाजी, शाहपुरा व प्रागपुरा पुलिस ने 9 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया एक ट्रक व चार मोटरसाईकिले बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06 व 20.01.2011 को जिला करौली थाना सदर व कोतवाली पुलिस ने 6 अभियुक्तों से 5 चोरी गई मोटरसाईकिले बरामद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 11, 21 व 24.01.2011 को जिला बांसवाड़ा थाना लोहारिया, कोतवाली व बांसवाड़ा पुलिस ने वाहन चोरी के दर्ज अभियोगों में 5 अभियुक्तों के कब्जे से 4 मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13, 15, 17, 24, 26, 27 व 29.01.2011 को जिला भरतपुर थाना डीग, पहाड़ी, भुसावर व सीकरी पुलिस ने सूत्र सूचना पर अलग–अलग कार्यवाही करते हुए 7 अभियुक्तों से चोरी गये एक ट्रेक्टर मेसी व 6 मोटरसाईकिले बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13 व 14.01.2011 को जिला झालावाड़ थाना खानपुर व सुनेल पुलिस ने दिनांक 03 व 11.01.2011 को अज्ञात बदमाशान द्वारा एक बोलेरो व ट्रेक्टर चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दोनों वाहनों को बरामद किया। अभियुक्तों की तलाश जारी है।
- दिनांक 14.01.2011 को जिला सवाई माधोपुर थाना वजीरपुर पुलिस ने एक अभियुक्त से चोरी गई बोलेरो जीप बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 19.01.2011 को जिला अलवर थाना कोतवाली पुलिस ने 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गई एक बोलेरो गाड़ी बरामद की। गिरफ्तार अभियुक्तों ने जिला दौसा, अलवर व जयपुर में आधा दर्जन के अधिक वारदाते करना कबूल किया।
- दिनांक 28.01.2011 को जिला झालावाड़ थाना सारोला पुलिस ने दिनांक 01.01.2011 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जेसीबी मशीन चुराये जाने की घटना पर दौराने अनुसंधान एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उनकी निशादेही से जेसीबी मशीन कीमतन 20 लाख रूपये की बरामद की।

**<u>अवैध शराब</u>:–**

- दिनांक 01, 02, 09 व 14.01.2011 को जिला अजमेर थाना जवाजा व ब्यावर सदर पुलिस ने सूत्र सूचना पर अलग–अलग कार्यवाही करते हुए चार वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 1660 कार्टूनों एवं 1217 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद कर 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06 व 17.01.2011 को जिला अजमेर थाना मांगलियावास व ब्यावर सदर पुलिस ने सूत्र सूचना पर अलग–अलग कार्यवाही करते हुए 2 वाहनो में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 937 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद कर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08.01.2011 को जिला धौलपुर थाना कोतवाली पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 888 पेटी अंग्रेजी शराब, 12 ड्रम खाली प्लास्टिक के बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10 व 30.01.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना ब्रहमपुरी व गलतागेट पुलिस ने दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 445 पव्वे अंग्रेजी शराब व 26,300/–रूपये शराब बिक्री के बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10, 21 व 30.01.2011 को जिला जालोर थाना बागरा, रानीवाडा व सांचोर पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक वाहन, एक खेत व एक रिहायसी मकान से कुल 355 कार्टून, 20 बोतल व 216 पव्वे अंग्रेजी शराब, 144 पव्वे देशी शराब तथा 385 कार्टून व 166 बोतल बीयर बरामद कर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 17, 22 व 27.01.2011 को जिला बाड़मेर थाना गुडामालानी, सिणधरी व बालोतरा पुलिस ने सूत्र सूचना पर मय पुलिस पार्टी के तीन वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किये जा रहे 1731 कार्टूनों में अंग्रेजी शराब बरामद कर 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24.01.2011 को जिला जोधपुर शहर थाना सुरसागर पुलिस ने एक खेत में अवैध रूप से रखी गई 1920 पव्वे देशी शराब व 45 पव्वे अंग्रेजी शराब बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24, 25 व 26.01.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना कोटपूतली, मनोहरपुर, दूदू, फुलेरा व प्रागपुरा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी 4 वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 605 कार्टून व 11 बोतल अंग्रेजी शराब, 31 बोतल देशी शराब, 1800 लीटर हथकड़ शराब व 4 बोतल बीयर बरामद कर कुल 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 25 व 27.01.2011 को जिला झालावाड़ थाना डग व पिडावा पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक वाहन एवं एक रिहायसी मकान से 367 कार्टून देशी शराब व 72 बोतल बीयर बरामद की। अभियुक्त अन्धेरे का फायदा उठाकर भाग गये।
- दिनांक 30.01.2011 को जिला जोधपुर शहर थाना लूणी पुलिस ने दो मकानों में दबिश देकर 145 जरीकेन स्प्रीट 167 कार्टून देशी शराब के पव्वे, 3 पैकिंग मशीन, 2 लाख फर्जी लेबल, 2 लाख ढक्कन, एक लाख होलोग्राम, 77,200 खाली पव्वे, दो जनरेटर एवं 20,78,680/–रूपये नगद बरामद किये।

राज्य में माह जनवरी 2011 में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 2103 प्रकरण दर्ज कर 2037 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 102616 बोतल अंग्रेजी शराब 22102 बोतल देशी शराब 14202 बोतल कच्ची शराब एवं 20307 बोतल बीयर बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2011 माह जनवरी तक आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 2103 प्रकरण दर्ज कर 2037 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 102616 बोतल अंग्रेजी शराब 22102 बोतल देशी शराब 14202 बोतल कच्ची शराब एवं 20307 बोतल बीयर बरामद की गई।

<u>मादक पदार्थः</u>–

- दिनाक 02, 09, 28 व 30.01.2011 को जिला गंगानगर थाना सदर, पदमपुर व रायसिंहनगर पुलिस ने दो मोटरसाईकिलो पर अवैध रूप से परिवहन की जा रही व एक लावारिस थेले से 1.650 किलोग्राम अफीम व 10 ग्राम स्मैक तथा 45 हजार रूपये नकद बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02.01.2011 को जिला झालावाड़ थाना अकलेरा पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध 200 ग्राम अफीम बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 02, 09, 11, 13, 14, 16, व 17.01.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना निम्बाहेड़ा, बड़ीसादड़ी, बैगू, पारसोली, भदेसर व कपासन पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त व नाकाबन्दी 4 वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 3 ग्राम स्मैक, 5.600 किलोग्राम अफीम एवं 628 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद कर 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05 व 22.01.2011 को जिला सीकर थाना रामगढ सेठान व कोतवाली पुलिस ने दौराने गश्त 12 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से रखी गई 454 पव्वे अंग्रेजी शराब व 5 लीटर हथकड़ बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06 व 25.01.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना ब्रह्मपुरी व गलतागेट पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए 2 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से रखी गई कुल 700 ग्राम चरस बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06.01.2011 को जिला सवाई माधोपुर थाना गंगापुर सिटी पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से 6. 260 किलोग्राम व 7.140 किलोग्राम भांग बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06 व 13.01.2011 को जिला कोटा शहर पुलिस ने 4 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से परिवहन की जा रही 900 ग्राम चरस व 5.770 किलोग्राम अफीम बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10.01.2011 को जिला प्रतापगढ थाना रठांजना पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध 2.400 किलोग्राम अफीम बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15.01.2011 को जिला अजमेर थाना विजयनगर पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 550 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09, 13 व 23.01.2011 को जिला नागौर थाना कुचामनसिटी, नागौर एवं श्रीबालाजी पुलिस ने सूत्र सूचना पर अलग–अलग कार्यवाही करते हुए 4 वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 960 ग्राम अफीम, 92 किलोग्राम डोडा पोस्त एवं 111.200 किलोग्राम गांजा बरामद कर 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 11.01.2011 को जिला जीआरपी अजमेर थाना बॉदीकुई पुलिस ने प्लेट फार्म नम्बर 3 रेल्वे स्टेशन पर दो अभियुक्तों के कब्जे से अवैध 35.050 किलोग्राम गांजा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15 व 23.01.2011 को जिला जोधपुर शहर थाना झवर व डांगियावास पुलिस ने दो मकानों में दबिश देकर 167.500 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 18.01.2011 को जिला सीकर थाना रामगढ सेठान पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 155 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 19.01.2011 को जिला नागौर थाना नावां शहर पुलिस ने एक रिहायसी मकान में दौराने खाना तलाशी मकान में अवैध रूप से रखी 8.800 किलोग्राम गांजा बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24.01.2011 को जिला बारां थाना हरनावदा पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध 7 ग्राम स्मैक बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 25.01.2011 को जिला पाली थाना सोजतरोड़ पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी दो अभियुक्तों के कब्जे से 3.950 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 26.01.2011 को जिला करौली थाना मासलपुर पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक मोटरसाईकिल पर अवैध रूप से परिवहन की जा रही 1 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह जनवरी 2011 में एन.डी.पी.एस. एक्ट के 95 प्रकरण दर्ज कर, 112 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 0.374 कि.ग्राम स्मैक, 2.593 कि.ग्राम चरस, 46.935 कि0ग्रा0 अफीम, 215.106 कि0ग्रा0 गांजा व 2785.140 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

राज्य में वर्ष 2011 माह जनवरी तक एन.डी.पी.एस. एक्ट के 95 प्रकरण दर्ज कर, 112 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 0.374 कि.ग्राम स्मैक, 2.593 कि.ग्राम चरस, 46.935 कि0ग्रा0 अफीम, 215.106 कि0ग्रा0 गांजा व 2785.140 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

**अवैध हथियार :–**

- दिनांक 04.01.2011 को जिला प्रतापगढ थाना रठांजना पुलिस ने दौराने गश्त दो अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से परिवहन की जा रही 3 देशी पिस्टल मेड इन इग्लैण्ड लिखा हुआ व 5 कारतूस बरामद कर अभियूक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04, 16,19 व 20.01.2011 को जिला करौली थाना सदर, मासलपुर, सदर हिण्डौन व सदर करौली पुलिस ने सूत्र सूचना व दौराने नाकाबन्दी 5 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध चार 315 बोर देशी कट्टा व एक 315 बोर पचफेरा व 5 कारतूस बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 07.01.2011 को जिला सवाई माधोपुर थाना गंगापुर सिटी पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से एक 315 बोर कट्टा बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- माह जनवरी 2011 में जिला धौलपुर पुलिस ने 10 अभियोग दर्ज कर 12 व्यक्तियों के कब्जे से 8 अवैध हथियार, एक तलवार, 17 कारतूस व मैगजीन देशी 9एमएम बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह जनवरी 2011 में आर्म्स एक्ट के तहत 403 प्रकरण दर्ज कर 415 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 37 बन्दूकें, 53 रिवाल्वर/कट्टे, 103 कारतूस व धारदार हथियार बरामद किये गये।

राज्य में वर्ष 2011 में माह जनवरी तक आर्म्स एक्ट के तहत 403 प्रकरण दर्ज कर 415 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 37 बन्दूकें, 53 रिवाल्वर/कट्टे, 103 कारतूस व धारदार हथियार बरामद किये गये।

**अवैध विस्फोटक :–**

- दिनांक 20 व 24.01.2011 को जिला प्रतापगढ थाना रठांजना पुलिस ने एक ट्रेक्टर में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 490 जिलेटिन व 485 डेटोनेटर बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24.01.2011 को जिला प्रतापगढ थाना छोटी सादड़ी पुलिस ने दौराने गश्त एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध रूप से परिवहन करते 200 जिलेटिन व 210 डेटोनेटर बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 29.01.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना भदेसर पुलिस ने दौराने गश्त एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किये जा रहे 400 गुल्ले, 400 इलेक्ट्रोनिक डेटोनेटर, 50 किलोग्राम अमोनियम व 5 लोहे की राड़ बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह जनवरी 2011 में एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 45 प्रकरण दर्ज कर 49 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 2500 जिलेटिन, 12065 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

राज्य में वर्ष 2011 तक  एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 45 प्रकरण दर्ज कर 49 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 2500 जिलेटिन, 12065 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

**जुआ/सट्टाः–**

- दिनांक 01, 02, 05, 20  29.01.2011 को जिला जयपर पश्चिम थाना करधनी, चौमू, हरमाडा व झोटवाड़ा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए  कुल 26 अभियुक्तों से 91,875/– रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 01, 14, 18 व 26.01.2011 को जिला सीकर थाना कोतवाली, खाटूश्यामजी, कोतवाली फतेहपुर व सदर सीकर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त व नाकाबन्दी सार्वजनिक स्थान पर जुआ/सट्टा खेलते हुए कुल 24 अभियुक्तों से 1,82,060/-रूपये जुआ/सट्टा राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04.01.2011 को जिला बांसवाड़ा थाना बांसवाड़ा पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक मकान में जुआ खेलते हुए व्यक्तियों से 7300/-रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05, 14 व 27.01.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना कोटपूतली, कालाडेरा व शाहपुरा पुलिस ने सार्वजनिकस्थान पर जुआ खेलते हुए 25 अभियुक्तों से 36971/- रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05 व 28.01.2011 को जिला नागौर थाना खुनखुना व डीडवाना पुलिस ने सूत्र सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए कुल 13 अभियुक्तों से 2,15,240/- रूपये की जुआ राशि बरामद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05 व 26.01.2011 को जिला बारां थाना अन्ता व कोतवाली पुलिस ने दौराने गश्त सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 15 अभियुक्तों से 71,980/- रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06, 09 व 15.01.2011 को जिला टोंक थाना अलीगढ, उनियारा व सदर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 32 अभियुक्तों से 16,285/- रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 07 व 14.01.2011 को जिला गंगानगर थाना पुरानी आबादी व जवाहर नगर पुलिस ने दौराने गश्त सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 10 अभियुक्तों से 73,550/-रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08, 17 व 29.01.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना बजाजनगर व आदर्श नगर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 17 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 60,320/- रूपये की जुआ राशि बरामद की।`
- दिनांक 09, 14, 16, 24 व 30.01.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना रामगंज माणक चौक व ब्रहमपुरी ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 28 अभियुक्तों से 1,35, 570/- रूपये जुआ राशि बरामद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 11, 12, 13 व 18.01.2011 को जिला हनुमानगढ थाना भादरा, हनुमानगढ जक्शन व सदर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 20 अभियुक्तों से 66,200/- रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13, 16, 21 व 27.01.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना भदेसर, चित्तौड़गढ, गंगरार पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते एवं सट्टे की खाईवली करते हुए 41 अभियुक्तों से 58,717/-रूपये की जुआ/सट्टा राशि एवं 3000 हजार रूपये की पर्चीयां बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 27.01.2011 को जिला जोधपुर शहर थाना रातानाड़ा पुलिस ने 3 अभियुक्तों से सट्टे की खाईवाली करते हुए 17890/- रूपये सट्टा राशि बरामद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- माह जनवरी 2011 में जिला धौलपुर पुलिस ने 33 अभियोगों में 107 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 73,347/- रूपये जुआ/सट्टा राशि बरामद की।

राज्य में माह जनवरी 2011 में जुआ एक्ट के अन्तर्गत 1316 प्रकरण दर्ज कर, 2918 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 31 लाख 59 हजार 180 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2011 तक जुआ एक्ट के अन्तर्गत 1316 प्रकरण दर्ज कर, 2918 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 31 लाख 59 हजार 180 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

**विविधः—**

- दिनांक 04 व 09.01.2011 को जिला सीकर थाना सदर व कोतवाली फतेहपुर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी 3 वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किये जा रहे 74 बछड़ों को बरामद कर 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10.01.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना चित्तौड़गढ पुलिस ने एक मकान से 72 किलोग्राम गीली चन्दन की लकड़ी व छिलन बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12.01.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना कोटपूतली पुलिस ने 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकली सीडी, कम्प्यूटर, मोनीटर, मेमोरी कार्ड 2जीबी आदि सामान बरामद किया।
- दिनांक 20.01.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना चित्तौड़गढ पुलिस ने सूत्र सूचना पर 7729 नकली सीडीयां व 25 ब्ल्यू फिल्म की सीडी बरामद कर 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

## उपसंहार

आलोच्य माह के मासिक अपराध प्रतिवेदन की समीक्षा से स्पष्ट है कि माह में प्रदेश के आपराधिक परिदृश्य में कोई अप्रत्याशित परिवर्तन परिलक्षित नहीं होता है एवं राज्य की अपराध स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही है।